are entitled to 65 per cent neutralisation. The annual average of AICPI as on 1.1.93 works out to 1168.83. The instalment of DA due from 1st January normally becomes payable with the salary for the month of March.

India's Balance of Payment Position

872. SHRI GURUDAS DAS GUPTA:
SHRI N. E. BALARAM:

Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that our balance of payment gap has been increasing due to the increased value of imports and reduced exports; and

(b) if so, what is the latest position in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. ABRAR AHMED): (a) and (b) The 1992-93 balance of payments' current account deficit is estimated to be around US dollar 7 billion as compared to US dollar 3 billion in 1991-92. The low level of imports in 1991-92 was an outcome of severe import compression measures taken by the Government. Import restrictions were gradually lifted in 1991-92 and 1992-93 saw a revival of imports to more normal levels. Exports in 1992-93 (April—December) have performed better as compared to the corresponding period in 1991-92.

बैंक कर्मचारियों का राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन

873. **श्री गया सिंह** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बैंक कर्मचारी राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन करने जा रहे हैं;

(ख) क्या उक्त आंदोलन पेंशन योजना के संबंध में किया जायेगा ; और

(ग) यदि हां, तो केन्द्रीय सरकार इस संबंध में क्या-क्या कदम उठा रही है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० अबरार अहमद) : (क) और (ख) भारतीय बैंक संघ ने सूचित किया है कि अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी एसोसिएशन तथा बकों, बीमा और वित्तीय संस्थाओं में एसोसिएशन/फैडरेशन की समन्वय समिति ने अपनी मांगों के समर्थन में, जिनमें पेंशन भी शामिल है, क्रमशः 18-3-93 तथा 29-3-93 को हड़ताल का आह्वान किया है ।

(ग) हड़ताल का आह्वान कतई न्यायोचित नहीं है । सामान्यता बैंक अधिकारी/कर्मचारी अंशदायी भविष्य निधि तथा सेवा उपदान के लाभों के लिये पात्र हैं और इन्हें सरकारी कर्मचारियों और अन्य सरकारी उपक्रमों के कर्मचारियों को उपलब्ध सेवा निवृत्ति लाभों को ध्यान में रखते हुये, जिन्हें केवल पेंशन, उपदान और सामान्य भविष्य निधि का लाभ प्राप्त होता है, पर्याप्त और तुलनीय माना जाता है । फिर भी, भारतीय बैंक संघ वर्तमान में नये वेतन समझौते के बारे में बैंकों की यूनियनों के साथ बातचीत कर रही है तथा बैंकों की यूनियन के कहने पर यह मुद्दा उनकी कार्य-सूची में है ।

विदेशी सहायता का लाभकारी उपयोग

874. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 19 जनवरी, 1993 के "आब्जर्वर" में "यूटीलाइज फोरेन एंड गेनफुल्ली" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि प्राप्त सूचनाओं के अनुसार विदेशों से विभिन्न रूपों से अब तक प्राप्त वित्त